दैनिक पूर्वोदय

सही दिशा, सही खबर

A ROYAL GROUP PUBLICATION

# संयुक्त रूप से मना हिंदी दिवस

## प्रधान महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी), कार्यालय महालेखाकार (लेखा परीक्षा) एवं क्षेत्रीय प्रशिक्षण संस्थान, शिलोंग का कार्यक्रम

**शिलोंग, 15 सितंबर (ए.सं.)।** वर्तमान कोविड-19 महामारी के परिप्रेक्ष्य में केंद्र सरकार द्वारा समय-समय पर जारी दिशा-निर्देशों एवं मानक प्रचालन प्रक्रिया (एसओपी) को ध्यान में रखते हुए तीनों कार्यालयों के केवल समूह अधिकारियों, शाखा अधिकारियों, हिंदी कक्ष के अधिकारी तथा कर्मचारीगण तथा दोनों कार्यालयों के पत्रिका के तीन-तीन श्रेष्ठ रचनाकारों के विजेताओं को सम्मिलित (कुल 30 अधिकारी एवं कर्मचारीगण को शामिल) करते हुए एवं सामाजिक दूरी को ध्यान में रखते हुए कार्यालय प्रधान महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी), मेघालय, शिलोंग, कार्यालय महालेखाकार (लेखा परीक्षा), मेघालय, शिलोंग और क्षेत्रीय प्रशिक्षण संस्थान, मेघालय, शिलोंग द्वारा संयुक्त रूप से गत 14 सितंबर को कार्यालय प्रधान महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) में सीमित समय के लिए हिंदी दिवस मनाया गया। हिंदी दिवस के अवसर पर विनोद भजेल, कल्याण अधिकारी ने अपने स्वागत भाषण में उपस्थित तीनों कार्यालयों के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों का स्वागत किया। उन्होंने अपने भाषण में राजभाषा से संबंधित विविध जानकारियां भी दी तथा कार्यालय में हिंदी के उपयोग को और अधिक बढ़ावा देने की अपील की। इस अवसर पर कार्यालय प्रधान महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) और कार्यालय महालेखाकार (लेखा परीक्षा) की वार्षिक हिंदी पत्रिकाओं, क्रमश: नवीन पूर्वांचल संदेश के 15वें अंक तथा पूर्वाशा के 29वें अंक का विमोचन प्रधान महालेखाकार, महालेखाकार और प्रधान निदेशक के कर-कमलों द्वारा किया गया। प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी हिंदी दिवस के अवसर पर गृह मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा प्रेषित संदेश का कार्यालय महालेखाकार (लेखापरीक्षा), मेघालय, शिलोंग के वरिष्ठ अनुवादक, मुहम्मद जियाऊल हक द्वारा पाठ किया गया। इस अवसर पर कार्यालय प्रधान महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) की नवीन पूर्वांचल संदेश और कार्यालय महालेखाकार (लेखा परीक्षा) की पूर्वाशा पत्रिका के तीन श्रेष्ठ रचनाकारों को प्रथम, द्वितीय और तृतीय पुरस्कार के लिए नगद राशि एवं प्रमाण-पत्र भी प्रधान महालेखाकार, महालेखाकार और प्रधान निदेशक के कर-कमलों द्वारा प्रदान किए गए। अंतत: इस वर्ष के हिंदी दिवस कार्यक्रम का समापन समारोह कार्यालय प्रधान महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) के वरिष्ठ लेखा अधिकारी आनंद कौशल के धन्यवाद ज्ञापन और राष्ट्रगान के साथ किया गया।